भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †1103

सोमवार, 2 दिसम्बर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु में पर्यटन स्थलों का विकास

†1103. श्री के. गोपीनाथः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने तमिलनाडु में पर्यटन स्थलों को विकसित करने की पहल की है या योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) पर्यटन स्थल के रूप में विकास करने के लिए चिन्हित ऐसे स्थानों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस संबंध में राज्य सरकार से कोई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्राप्त हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान' (प्रशाद) और "पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता" की अपनी केन्द्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से तमिलनाडु राज्य सहित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के उनके प्रयासों को सम्पूरित करता है। इन योजनाओं के तहत परियोजनाएं उपयुक्त परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति, योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन, निधि की उपलब्धता आदि के अध्यधीन स्वीकृत की जाती हैं।

एसडी, प्रशाद और केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता की योजनाओं के तहत तमिलनाडु में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन स्थलों का विकास करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया है और 'मामल्लापुरम' एवं 'नीलगिरी' को शॉर्टलिस्ट किया है। मंत्रालय ने वर्ष 2023-24 में राज्य में

30.02 करोड़ रू. की राशि की 'शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस' परियोजना को मंजूरी दी है।

पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत एक उप-योजना 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास' के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए हैं और इस योजना के तहत 'रामेश्वरम द्वीप' और 'तंजावुर' को शॉर्टलिस्ट किया है।

पर्यटन मंत्रालय ने अपनी प्रशाद योजना के तहत देश में 29 नए स्थलों को चिह्नित किया है, जिसमें तमिलनाडु राज्य में '8 स्थानों पर स्थित नवगृह मंदिर' शामिल हैं, जिनका ब्यौरा निम्नानुसार है:-

i. श्री कैलासनाथर मंदिर, थिन्गालूर, जिला तंजावुर
ii. गुरु भगवान मंदिर, अलंगुडी, जिला तंजावुर
iii. श्री नागनाथर मंदिर, थिरुनागेश्वरम, जिला तंजावुर
iv. श्री सूर्यनार मंदिर, थिरुविदाईमरुथुर, सूर्यनार कोविल, जिला तंजावुर
v. श्री अग्निश्वरर मंदिर, कंजानूर, जिला तंजावुर
vi. श्री वैथीश्वरन मंदिर, वैथीस्वरन कोविल, जिला मयिलादुथुराई
vii. श्री नागनाथस्वामी मंदिर, कीलापेरुमपल्लम, जिला मयिलादुथुराई
viii. सुवेथारण्यश्वरर मंदिर, थिरुवेनकाडु, जिला मयिलादुथुराई

इसके अलावा, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश 2024-25 के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना' के तहत तमिलनाडु में दो पर्यटन परियोजनाओं, अर्थात 'मामल्लापुरम में नंदवनम हेरिटेज पार्क' के लिए 99.67 करोड़ रुपये और 'देवला, ऊटी में गार्डन ऑफ फ्लॉवरस' के लिए 70.23 करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की है।

****

अनुबंध

श्री के. गोपीनाथ द्वारा तमिलनाडु में पर्यटन स्थलों का विकास के संबंध में दिनांक 02.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1103 के भाग (क) से (ङ.) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना के तहत तमिलनाडु में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची: -

क्र. सं.	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रू. में)**	**परियोजना की वास्तविक प्रगति**
1.	तटीय परिपथ 2016-17	(चेन्नई- माम्मल्लापुरम - रामेश्वरम - मेनपाडु - कन्याकुमारी) का विकास	73.13	पूर्ण

प्रशाद योजना के तहत तमिलनाडु में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची: -

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**अनुमोदित लागत (करोड़ रू. में)**	**परियोजना की वास्तविक प्रगति**
1	कांचीपुरम का विकास	2016-17	13.99	पूर्ण
2	वेलंकन्नी का विकास	2016-17	4.86	पूर्ण

पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता की योजना के तहत तमिलनाडु में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-

क्र. सं.	**स्वीकृति का वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**एजेंसी**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रू. में)**	**परियोजना की वास्तविक प्रगति**
1	2012-13	चेन्नई बंदरगाह पर मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज यात्री सुविधा केंद्र	चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट	17.25	पूर्ण

****